# न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, डूँगरपुर

(पीठासीन अधिकारी दिनेश धाकड़, आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या :– 107 / 2024
जीसीएमएस न.:– 2024 / 90
प्रविष्टि दिनांक:– 01.10.2024
निर्णय दिनांक :– 28.10.2024

::–उनवान–::

1. श्री अजय गोयल खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डूँगरपुर।

– प्रार्थी

बनाम

1. श्री जोधराज कुम्हार पिता श्री भेराजी विक्रेता मैसर्स श्री लक्ष्मी जय मेवाड रेस्टोरेन्ट पोस्ट ऑफिस के सामने सीमलवाडा जिला डूँगरपुर

2.मैसर्स श्री लक्ष्मी जय मेवाड रेस्टोरेन्ट पोस्ट ऑफिस के सामने सीमलवाडा जिला डूँगरपुर

– अप्रार्थीगण

**जुर्म अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 (2) की उप धारा (ii), एवं धारा 51**

उपस्थिति :

(1) पेरोकार सरकार उपस्थित।

(2) विपक्षी श्री जोधराज कुम्हार स्वयं उपस्थित।

::–निर्णय–:: दिनांक: 28.10.2024

1. संक्षेप में प्रार्थना पत्र का सार इस प्रकार है कि प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 03.11.2023 को समय 3:30 पीएम पर मैसर्स श्री लक्ष्मी जय मेवाड रेस्टोरेन्ट पोस्ट ऑफिस के सामने सीमलवाडा जिला डूँगरपुर पर पहुंचा। वहां श्री जोधराज कुम्हार पिता श्री भेराजी (विक्रेता एवं मालिक) मिला, को अपना परिचय दिया एवं परिचय लिया तथा पूछने पर श्री जोधराज कुम्हार ने स्वयं को प्रतिष्ठान का एकमात्र मालिक होना बताया तथा खाद्य अनुज्ञा विकी प्रपत्र मांगे जाने पर खाद्य अनुज्ञा प्रपत्र दिखाया।
2. प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दुकान का निरीक्षण करने पर पाया कि आम जनता को विक्रय हेतु दुकान में आम जनता को बेचने हेतु 6–7 किलोग्राम मावे की मिठाई स्टील ट्रे में रखी हुई थी, निरीक्षण करने पर मिलावट की शंका होने पर श्री जोधराज कुम्हार को गवाह के सामने फार्म नं0 5 ए में वास्ते नमूना क्रय करने हेतु नोटिस

दिनेश धाकड़
अति. जिला कलक्टर, डूंगरपुर

देकर नोटिस की रशीद प्राप्त की जिस पर श्री जोधराज कुम्हार एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाकर स्वयं के द्वारा तस्दीक किया।

3. प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकान में आम जनता को बेचने हेतु 6–7 किलोग्राम मावे की मिठाई स्टील ट्रे में रखी हुई थी, में से कुल 02 किलोग्राम मावे की मिठाई वेईंग मशीन से तुलवाकर वास्ते नमूना जॉच खरीदा जिसकी बाजार भाव के समान कीमत श्री जोधराज कुम्हार को रू 700/– अक्षरे सात सौ रूपये नगद देकर रसीद प्राप्त की जिस पर श्री जोधराज कुम्हार के हस्ताक्षर तथा उपस्थिति गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये।

4. प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खरीदशुदा मावे की मिठाई 02 किग्रा को अलग–अलग चार साफ शिशियों में बराबर–बराबर प्रत्येक शिशि में 500 ग्राम भरकर प्रत्येक शिशि में बतौर परिरक्षित फार्मेलिन की 40–40 बूंदे डालकर, को अच्छी तरह हिला मिलाकर एक रूप करकर के ढक्कन को नियमानुसार एयरटाईट बन्द कर, नियमानुसार चार भागों में तैयार कर, नियमानुसार लेबल तैयार कर प्रत्येक भाग पर गोंद से अच्छी तरह चिपकाया और प्रत्येक लेबलों पर डी.ओ. के कोड एवं क्रमांक Z-1356 दर्ज किया प्रत्येक लेबल पर स्वयं ने हस्ताक्षर किये तथा गवाहान के हस्ताक्षर करायें। चारों नमूना भागों को अलग–2 खांकी कागज में लपेटकर सिर मुंह को गोंद से अच्छी तरह चिपकाकर, प्रत्येक भाग पर डी.ओ. टोंक की हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लिप नं. Z-1356 नियमानुसार चारों नमूना भागो पर नीचे से उपर तक गोलाई में गोंद से चिपकाकर प्रत्येक भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपड़ी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर गवाहो के समक्ष श्री जोधराज कुम्हार मालिक के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार करवायें कि पेपर स्लिप व रेपर दोनों पर आवें तथा गवाहों के हस्ताक्षर भी करवाए। चारों नमूना लेकर चारों नमूना भागों को अपने कब्जें में लिया तथा इस समस्त कार्यवाही की मौका फर्द रिपोर्ट तैयार कर नमूना सील अंकित कर, गवाहों के सामने पढ कर सुनाकर हस्ताक्षर करवाए।

5. प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यालय पहुँच कर फार्म नं. 6 की छः प्रति तैयार की और प्रत्येक पर वह नमूना सील लगाई जिससे नमूना सील किया तथा एक नमूना भाग मय फार्म सं. 6 की प्रति के आउटर कवर में रखकर सील मोहर कर सील चपड़ी कर खाद्य विश्लेषक जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला एम.जी. अस्पताल परिसर बांसवाडा को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की।

6. प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी को डी.ओ. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डूॅगरपुर के पत्र क्रमांक एफ.एस.एस.ए./2023/6591 दिनांक 14.12.2023 के द्वारा ज्ञात हुआ कि खाद्य विश्लेषक बांसवाडा से प्राप्त जांच रिर्पोट सं. पी.एच. लैब/बांसवाडा/ एक्ट/ 2023/1438 दिनांक 16.11.2023 के अनुसार विक्रेता से वास्ते मानक स्तर की जांच करवाने हेतु क्रय किया गया **मावे की मिठाई** खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के **अवमानक(Sub-Standard)** स्तर का होना पाया गया। अतः आवेदक ने विक्रेता के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया।

7. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी श्री जोधराज कुम्हार उपस्थित हुए एवं बहस की एवं बहस में निवेदन किया कि उक्त खाद्य पदार्थ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी मानकों को पूरा करता है। खाद्य पदार्थ में किसी तरह की मिलावट नहीं है। अतः प्रकरण का न्यूनतम शास्ति के साथ निस्तारण किया जावे। पेरोकार सरकार की बहस सुनी गई। पेरोकार सरकार ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थी जिस **मावे की मिठाई** का विक्रय कर रहा था, वह जांच **अवमानक(Sub-Standard)** स्तर का होना पाया गया है, इसलिए अप्रार्थी को भारी से भारी जुर्माने से दण्डित किया जावे।

8. हमने अप्रार्थी एवं पेरोकार सरकार की बहस पर मनन किया व पत्रावली का अवलोकन किया। अप्रार्थी के पास से लिया गया **मावे की मिठाई** का नमूना जांच में **अवमानक(Sub-Standard)** स्तर का होना पाया गया है। उक्त खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26(2) की उपधारा 2(ii) के अन्तर्गत अपराध तथा दण्डनीय धारा 51 के अन्तर्गत जुर्माने की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थीगण पर शस्ति लगाया जाना न्यायोचित है।

—ःआदेशः—

प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, डूॅगरपुर का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 (2) की उप धारा (ii),एवं दण्डनीय धारा 51 का स्वीक़ार किया जाता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्ध प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से अप्रार्थी. पर कुल शास्ति रूपये 5,000/— (अक्षरे पॉच हजार रूपये) आरोपित की जाती है। अभियुक्त उक्त दण्ड की राशि जरिये चालान से राजकोष में संबंधित मद में निर्णय दिनांक 28.10.2024 से एक माह के अन्दर अन्दर जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 28.10.2024 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

(दिनेश धाकड़)
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
डूॅगरपुर—राज0